उत्तर प्रदेश में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं

2867. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, सुल्तानपुर, गाजीपुर और मऊ जिलों में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनायें चल रही हैं ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इन क्षेत्रों में किये गये कार्य का ब्यौरा क्या है ;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान इन क्षेत्रों में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये थे और उन लक्ष्यों की प्राप्ति कहां तक हुई है ; और

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उपर्युक्त जिलों में इन योजनाओं के लिये कितनी धनराशि उपलब्ध कराई गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी. के. तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) से (ग) अपेक्षित सूचना उत्तर प्रदेश सरकार से एकत्र की जा रही है और इसके उपलब्ध होने पर राज्य सभा पटल पर रख दिया जायेगा ।

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के आवंटनों को अभी अंतिम रूप दिया जाना है ।

मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम

2868. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, सुल्तानपुर, गाजीपुर, जौनपुर और मऊ जिलों में मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकार द्वारा कितनी धनराशि खर्च की गई है ; और

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इस कार्यक्रम के लिये निर्धारित किये गये लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी. के. तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश सरकार से सूचना की प्रतीक्षा की जा रही है ।

Unani Medicines

2869. MAULANA OBAIDULLAH KHAN AZMI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) what are the names of medicines available in Unani system and in CGHS Unani dispensaries for diabetes mellitus, Bronohial asthma, Gastro-intestinal disorders, Arthritis, Obesity and Sinusitis;

(b) what are the names of medicines in Unani system and in CGHS Unani dispensaries for vitiligo, Infective hepatis, Malaria, Filariasis, Rhemuatoid arthitis, Ulcer of G.I. tract, Sczema, Renal and Bladder calculus, Amoebic dysntry, chronic diarrohoea, Infantiale diahhoea, Helminthiasist, Scabies and Guidea worm infestation; and

(c) the names of medicines in Unani system and CGHS Unani dispensaries for Hemiplegia, Poliomyelitis, Hyparacidity, Duodonal Ulcer, Leucorrnoea, Metrorrahagia, Psoriasis, Dysuria, Epilepsy, peptic ulcer, cancer, T. B., Leprosy and Goitre?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) The information is given at Statement—I.

(b) The information is given at Statement—II.

(c) The information is given at Statement—III.